ईवीएम एफएलसी कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

महराजगंज आज। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में



चल रहे ईवीएम मशीनों के प्रथम स्तरीय जांच (एफएलसी) कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों का पूर्ण अनुपालन करते हुए जांच प्रक्रिया पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के निर्देश दिए।डीएम ने एफएलसी के दौरान मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति यथासंभव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मोबाइल लेकर एफएलसी हॉल में प्रवेश न करे। बिना पहचान पत्र के प्रवेश पर भी रोक रहे। परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।डिप्टी कलेक्टर विजय यादव ने बताया कि अब तक 80.31 प्रतिशत बैलेट यूनिट (बीयू) और कंट्रोल यूनिट (सीयू) की एफएलसी ओके हुई है, जबकि वीवीपैट की 76.13 प्रतिशत जांच पूरी हो चुकी है।जिलाधिकारी ने सीसीटीवी के माध्यम से जांच प्रक्रिया देखी तथा रजिस्टर में दर्ज प्रविष्टियों की जानकारी ली। उन्होंने गार्ड रूम का निरीक्षण कर सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता से निगरानी करने के निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता, विजय यादव, प्रभारी सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

चाकू के हमले से युवक गंभीर , उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर

झुलनीपुर (आज)।निचलौल थानाक्षेत्र के ग्राम कनमिसवा टोला औरहवा में बुधवार की रात आठ बजे आपसी विवाद में एक शख्स ने एक युवक पर धारदार



हथियार से हमला कर दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल युवक को निचलौल सीएचसी पहुंचाया। निचलौल थानाक्षेत्र के बहुआर चौकी के ग्राम कनमिसवा टोला औरहवा निवासी बिकाऊ मुसहर पुत्र बेचन (40) से उसके पड़ोसी एक शख्स से पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि बिकाऊ के ऊपर शख्स ने धारदार हथियार से हमला करके उसे घायल कर दिया। बिकाऊ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद हमला करने वाला शख्स घर से भाग निकला। सूचना पर पहुंची बहुआर पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से घायल बिकाऊ को निचलौल सीएचसी पहुंचाया, जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।बहुआर चौकी प्रभारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद मौके पर पहुंच कर घायल युवक को सीएचसी निचलौल भेजा गया है। मौके पर शांति व्यवस्था काम है। पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।सीओ रविन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि धारदार हथियार से हमला जैसी घटना की जानकारी नहीं है। इसका पता करके दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

एसपी की त्वरित निस्तारण से लोगों में बढ़ रहा विश्वास

महराजगंज आज। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों



को गंभीरता से सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।एसपी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत पर मामले की प्रकृति के अनुसार प्रभावी कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को जनसुनवाई और महिला हेल्प डेस्क का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने निर्देश दिया कि थाना स्तर पर समाधान योग्य शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। किसी भी प्रकरण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। साथ ही शिकायतों पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा कर जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।पुलिस अधीक्षक ने आमजन को सुलभ पुलिस सहायता उपलब्ध कराने और पीड़ितों की समस्याओं का न्यायसंगत समाधान करने पर जोर दिया। महराजगंज पुलिस ने जनशिकायतों के प्रति संवेदनशीलता बनाए रखते हुए प्रभावी कार्रवाई और जनता के विश्वास को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

❖ एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं, समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

प्रदेश मंत्री के मां के निधन पर शोक

आनन्दनगर (आज)।भाजपा के किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री विवेका पाण्डेय के माता का निधन बीते दिन को हो गया है। वह लगभग 95 वर्ष की रही। उनका अंतिम संस्कार कहरौली घाट पर कर्मकांड विधि से उनके छोटे बेटे एवं पूर्व ग्राम प्रधान प्रेमचंद पाण्डेय द्वारा किया गया है।उनके निधन से पूरे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई है। जो जहां सुना वह स्तब्ध रह गया। उनके निधन की खबर सुनते ही नात रिश्तेदार, इष्ट मित्र, बन्धु बान्धव, राजनीतिज्ञ, समाजसेवी, शिक्षक, पत्रकार, सहित भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंच कर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधा रहे हैं। उनके निधन पर लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उनके आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। इस दौरान केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री/भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, पूर्व विधायक एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री चौधरी शिवेंद्र सिंह, पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह, भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेश जायसवाल, पूर्व चेयरमैन अशोक जयसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष संजय पाण्डेय, डॉ निशांत मणि त्रिपाठी, प्राचार्य अशोक भारती, अरुण सिंह राना, पूर्व जिला अध्यक्ष अरुण शुक्ल, केशव कुमार पाण्डेय, समाजसेवी अरुण चतुर्वेदी,पूर्व जिला मंत्री प्रमोद तिवारी, डॉ उमेश तिवारी, रविन्द्र शुक्ल, परमात्मा अग्रहरि, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य समीर त्रिपाठी, मुकेश मिश्र, संजय मिश्र, राघवेन्द्र त्रिपाठी, नितेश मिश्र, सुशील पांडेय, पुष्कर पाण्डेय, लालजी पाण्डेय, गुलाब चौरसिया डब्बू सिंह, तौलन यादव, बृजेश चौधरी, हीरा गुप्ता, रामनारायन शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव त्रिपाठी, प्रभाकर उपाध्याय, समाजसेवी, सिद्धार्थ पाण्डेय ,रविन्द्र श्रीवास्तव, इन्द्रजीत चौधरी, सहित नात- रिश्तेदार, शिक्षक, एवं समाजसेवियों, ने उनके आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि दी हैं।

धनतेरस-दीपावली पर बाजारों की सुरक्षा को लेकर एसपी ने की बैठक

महराजगंज आज। धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने और व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा सुनिश्चित



करने के लिए पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने गुरुवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, प्रमुख व्यापारियों एवं स्वर्ण व्यवसायियों के साथ बैठक की।इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

एसपी ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे चालू रखने, पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध करने तथा आसपास होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ने के कारण विशेष सतर्कता बरतना आवश्यक है।उन्होंने व्यापारियों को सलाह दी कि अधिक मात्रा में नकदी या कीमती सामान एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की आवश्यकता होने पर संबंधित थाने से संपर्क कर पुलिस सुरक्षा के लिए सहयोग प्राप्त कर सकते हैं। किसी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या अप्रिय घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की भी अपील की।एसपी ने कहा कि पुलिस और व्यापारियों के बीच बेहतर समन्वय से सुरक्षा संबंधी समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जा सकता है। बैठक का उद्देश्य त्योहारों के दौरान सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन निर्भीक होकर खरीदारी कर सकें। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी यातायात, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, प्रमुख व्यापारी एवं स्वर्ण व्यवसायी उपस्थित रहे।

लापरवाही पूर्वक बाइक चलाकर मौत के घाट उतारने का मुकदमा दर्ज

निचलौल। निचलौल थाना क्षेत्र के बैठबलिया मार्ग पर 7 अक्टूबर 2026 को एक सड़क हादसा हुआ था जिसमें एक युवक की मौत हो गई थी । गुरुवार को मृतक युवक के पिता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया गया है। सुभाष पुत्र शिवरतन का आरोप हैं कि बाइक संख्या P56 BH 8814 का चालक लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाकर हमारे बेटे राजन उम्र 21 वर्ष के बाइक में पीछे से ठोकर मार दिया और बाइक का नियंत्रित होकर जाकर ठेले से टकरा गई। जिसके कारण हमारा बेटा सड़क पर गिरकर घायल हो गया राहगीरों की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य के निचलौल भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया ।इस संबंध में थानाध्यक्ष योगेंद्र कुमार राय ने बताया कि वादी के तहरीर पर बाइक संख्या P 56 BH 8814 केचालक के विरुद्ध संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

निचलौल तहसील में अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निचलौल आज। निचलौल तहसील में गुरुवार को अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम अवनीश कुमार तिवारी को ज्ञापन



सौंपा ।उन्होंने नाराजगी जताते हुए बताया कि इलाहाबाद हाई कोर्ट के अधिवक्ता के साथ कथित दुर्व्यवहार हुआ है जिसको लेकर अधिवक्ताओं में आक्रोश है।घटना पर आपत्ति जताते हुए संबंधित अधिकारियों तक अपनी बात पहुंचाई। उनका यह कदम अधिवक्ताओं के सम्मान और उनके उचित व्यवहार सुनिश्चित किए जाने की मांग से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। घटना को लेकर अधिवक्ताओं ने एकजुटता दिखाते हुए अपनी नाराजगी व्यक्त की है। इस दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष, मंत्री ,वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपनी चिंता जाहिर की है। अधिवक्ताओं की ओर से एसडीएम को पत्र सौंप जाने के बाद स्थानीय स्तर पर यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

पराली जलाने से होने वाले नुकसान बताएगा प्रचार वाहन, डीएम ने दिखाई हरी झंडी

महराजगंज आज। जनपद में पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने और किसानों को



फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत यह वाहन ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर किसानों को पराली जलाने से होने वाले नुकसान और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन की जानकारी देगा। डीएम ने किसानों से अपील की कि वे खेतों में पराली न जलाएं और आधुनिक कृषि तकनीकों से उसका उचित निस्तारण करें।उन्होंने कहा कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है। इससे मानव स्वास्थ्य प्रभावित होने के साथ मिट्टी की उर्वरता घटती है और लाभकारी सूक्ष्मजीव नष्ट होते हैं। फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण और मृदा स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।डीएम ने किसानों से कृषि विभाग की योजनाओं, अनुदान पर उपलब्ध कृषि यंत्रों और वैज्ञानिक तकनीकों का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने बताया कि पराली जलाने पर एनजीटी और उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के तहत जुर्माना व अन्य दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है।इस अवसर पर उप निदेशक कृषि संजीव कुमार, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी सिद्धार्थ गुप्ता, जिला कृषि अधिकारी एसपी सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क पर अराजकता फैलाने के आरोप में पांच गिरफ्तार

महराजगंज आज। कोल्हुई थाना क्षेत्र के मोगलहा मार्ग पर मोटरसाइकिलों से रास्ता अवरुद्ध करने, लापरवाही से वाहन चलाने और तलवार लहराने के मामले में पुलिस ने पांच युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सभी के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की है।

❖ सड़क पर अराजकता फैलाने के आरोप में पांच गिरफ्तार, तलवार लहराने का भी आरोप

पुलिस के अनुसार, मोगलहा मार्ग पर कुछ युवक मोटरसाइकिलों से रास्ता रोककर लापरवाहीपूर्वक वाहन चला रहे थे। इसी दौरान एक युवक द्वारा तलवार लहराने की बात सामने आई। स्थानीय लोगों के विरोध करने पर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची कोल्हुई पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए दीनदयाल, अफजल हुसैन, परवेश, करन विश्वकर्मा और धीरज वरुण को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने पांचों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170, 126 और 135 के तहत कार्रवाई की है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

पौधों की जियो टैगिंग में लापरवाही पर सीडीओ नाराज

महराजगंज आज। कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण एवं गंगा




समिति की बैठक हुई। इसमें पौधों की जीवितता, पर्यावरण संरक्षण, आर्द्रभूमि और सिंगल यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने की समीक्षा की गई।पुलिस, राजस्व, सिंचाई, नगर विकास, पंचायतीराज, स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों में 50 प्रतिशत से कम जियो टैगिंग पर सीडीओ ने नाराजगी जताई। उन्होंने सभी विभागों को जल्द शत-प्रतिशत जियो टैगिंग पूरी करने तथा रोपित पौधों की नियमित सिंचाई, निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।सीडीओ ने नदी घाटों पर गंगा आरती आयोजित करने, नदियों को प्रदूषण से बचाने और प्लास्टिक व मेडिकल कचरे का उचित निस्तारण करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों में सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाने और कार्यालयों में इसके प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए।प्रभागीय वनाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष जिले में करीब 33 लाख पौधे लगाए गए हैं। बैठक में परियोजना निदेशक राम दरश चौधरी, उपायुक्त श्रम रोजगार गौरवेंद्र सिंह, एआर कोऑपरेटिव सुनील गुप्ता, एसीएमओ डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

❖ शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने के निर्देश

भीसवा में श्मशान भूमि विवाद, जांच करने पहुंचे लेखपाल का ग्रामीणों ने किया विरोध

महराजगंज आज। भीसवा गांव में श्मशान भूमि को लेकर विवाद एक बार फिर गरमा गया। जिलाधिकारी कार्यालय में शिकायत के बाद स्थलीय



जांच करने पहुंचे हल्का लेखपाल अशोक तिवारी और कानूनगो को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने पुरानी परंपराओं और ग्राम पंचायत के कार्यों का हवाला देते हुए अपना पक्ष रखा।ग्रामीणों का कहना है कि विवादित भूमि पर कई पीढ़ियों से शवों का अंतिम संस्कार किया जाता रहा है। उनका दावा है कि वर्तमान और पूर्व ग्राम प्रधान ने भी इसी स्थान पर श्मशान भूमि के नाम पर वृक्षारोपण कराया था। ग्रामीणों ने इसके लिए धनराशि निकाले जाने का हवाला देते हुए सवाल उठाया कि लंबे समय से श्मशान के रूप में उपयोग हो रही जमीन पर अब विवाद क्यों खड़ा हो रहा है।

विरोध के बीच लेखपाल ने ग्रामीणों को उपलब्ध अभिलेखों की जानकारी दी। इसके बाद विवादित स्थल का निरीक्षण कर स्पॉट मेमो तैयार किया गया और मौके पर मौजूद लोगों के हस्ताक्षर कराए गए।लेखपाल ने बताया कि जांच से संबंधित दस्तावेज उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। अब ग्रामीणों की निगाहें प्रशासनिक जांच पर टिकी हैं। उन्हें उम्मीद है कि अभिलेखों के आधार पर विवाद का समाधान निकलेगा।

पीईटी परीक्षा को लेकर महराजगंज में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

महराजगंज आज। उत्तर प्रदेश प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी)-2026 के मद्देनजर महराजगंज कस्बे में 30 अक्टूबर और एक नवंबर को भारी एवं वाणिज्यिक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस के अनुसार, दोनों दिन सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक नो-एंट्री लागू रहेगी। कस्बे के छह परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षा आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक चलेगी। परीक्षार्थियों की भीड़ और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है।पुलिस ने सिंदुरिया, शिकारपुर, झनझनपुर और पकड़ी चौकी को नो-एंट्री एवं डायवर्जन प्वाइंट निर्धारित किया है। हालांकि, आपातकालीन सेवाओं और रोडवेज यात्री बसों का संचालन जारी रहेगा। पुलिस ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने और परीक्षा के दौरान जाममुक्त व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है।

कार्तिक माष में प्रभातफेरी व संकीर्तन की परम्परा 54 वर्षों अनवरत कायम

ठूठीबारी,महराजगंज आज।स्थानीय श्री श्री प्राचीन शिवमंदिर ठूठीबारी में अनवरत 54 वर्षों से पूर्वजो द्वारा स्थापित प्रभातफेरी संकीर्तन की परंपरा आज भी अनवरत चली आ रही है। इस परम्परा की शुरुवात सन 1972 में स्वर्गीय नन्दलाल निगम, स्वर्गीय भगवती पाठक, स्वर्गीय प्रमथ नाथ बंगाली,



स्वर्गीय जयगोविन्द ठठेरा, स्वर्गीय रमाकान्त निगम आदि लोगो ने किया था। प्रभातफेरी संकीर्तन की इस परम्परा के क्रम में संकीर्तन मण्डल के सदस्य प्रात: 4 बजे मंदिर पर इकट्ठा होते हैं पुजारी द्वारा वैदिक रीतिरिवाज के साथ मंदिर में महादेव का पूजन अर्चन कर संकीर्तन टोली हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे, हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण, कृष्ण हरे हरे। का भगवत संकीर्तन करते हुए पूरे उपनगर के मंदिरो से होते हुए पूरे नगर की परिक्रमा करते हुए पुन: श्री श्री प्राचीन शिवमंदिर पर वापस आकर भगवान भोलेनाथ की आरती के साथ संपन्न हो जाता है। प्रभात फेरी संकीर्तन की यह परम्परा प्रत्येक वर्ष कार्तिक माष कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरु होकर कार्तिक माष की पूर्णिमा तिथि तक कुल एक महीना अनवरत चलती है। संकीर्तन करने वालों में मुख्य रूप से संकीर्तन मण्डल के सदस्य नन्दलाल निगम, अशोक वर्मा, ओमप्रकाश मद्धेशिया, सुरेंद्र भूज, राजेश वर्मा, अलगू जायसवाल, दिनेश रौनियार, मनोज रौनियार, राजेश निगम, आदि प्रमुख रूप से शामिल रहते है। इस बावत मंदिर के पुजारी विश्वम्भर पाठक ने बताया कि कार्तिक माष में जो भक्तजन सच्चे मन से भगवान श्री हरि का जपनाम करते है उनके समस्त पाप नष्ट हो जाते है। इस लोक में उनको सुख, वैभव, लक्ष्मी, आरोग्यता, शान्ति, प्राप्ति होती है तथा मरणोपरांत उनको उत्तम लोक की प्राप्ति होती है। संकीर्तन की इस परंपरा से पूरे नगर में सुख, शान्ति, आरोग्यता बनी रहती है तथा पूरे नगर में कभी कोई दैवीय आपदा नहीं आती। कार्तिक माष की पूर्णिमा तिथि को इस प्रभातफेरी संकीर्तन के समापन पर श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर ठूठीबारी में विशाल महाआरती के भण्डारे का आयोजन होता है। जिसमे नगर के सैकड़ो भक्त सम्मित होकर भगवान का प्रसाद ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ करते है।

सीएटीसी-175 शिविर का पुरस्कार वितरण के साथ भव्य समापन

सिसवा बाजार (आज)।परमहंस पाल पीजी कॉलेज, गुरली सवया में 102 यू.पी. बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वावधान में आयोजित सीएटीसी-175 (संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर) का सैन्य परंपरा, अनुशासन और राष्ट्रसेवा के संकल्प के साथ समापन हुआ। विजयी कैडेटों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बुधवार को समापन के अवसर पर 102 यू.पी. बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयशंकर चौधरी ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। यह कैडेट्स में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित करता है। बटालियन के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने शिविर के दौरान कैडेट्स के प्रदर्शन, अनुशासित दिनचर्या और प्रशिक्षण गतिविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के सफल संचालन में 19 पीआई स्टाफ, 07 एएनओ तथा 02 जीसीआई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। अधिकारियों, प्रशिक्षकों और सहयोगी स्टाफ के मार्गदर्शन में शिविर की विभिन्न गतिविधियां संचालित की गई।अंत में शिविर के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले विद्यालय प्रबंधन, अधिकारियों, प्रशिक्षकों, एएनओ, जीसीआई, पीआई स्टाफ और कैडेट्स के प्रति आभार व्यक्त किया गया। राष्ट्रगौरव, एकता और सेवा भावना के संकल्प के साथ सीएटीसी-175शिविर का समापन हुआ।

राम के वियोग में दशरथ के प्राण त्यागने पर भावुक हुए दर्शक

सिसवा बाजार(आज)। स्थानीय हिंदू कल्याण मंच द्वारा जनता मैरेज हाल परिसर में आयोजित और बाल कलाकारों से सुसज्जित रामलीला में राम वनागमन, दशरथ के प्राण त्याग और भरत राम का मिलन दर्शकों को भावविभोर कर दिया। बुधवार को रामलीला की शुरुआत अयोध्या के राजा दशरथ द्वारा बाण लगने पर श्रवण कुमार के माता पिता के करुण विलाप और पुत्र वियोग में दिए गए श्राप और राजा दशरथ का राम के वियोग में प्राण त्यागने पर दर्शकों की आंखें नम हो गईं। फिर रघुवंश की वचन निभाने की परम्परा का पालन करते हुए राम का वनागमन, साथ में सीता का पत्नी धर्म और लक्ष्मण का भ्रातप्रेम में साथ में चौदह वर्ष के लिए वनवास



के दृश्य ने श्रद्धालुओं को करुण रस में भिगाया। फर राम केवट संवाद, भरत का राम से मिलकर उनके खड़ाऊ को सिर पर रखकर वापस लौटने के प्रसंग ने राम को मर्यादापुरुषोत्तम का बोध कराया। वही भाई के लिए भरत द्वारा सर्वोच्च त्याग की मूर्ति बनाया। मृग बने मारीच का वध, सीता हरण और शबरी का राम के आने का अलौकिक इंतजार और राम के मिलन ने दर्शकों को भावविभोर किया। संचालन उमेश जायसवाल ने किया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष प्रमोद मद्धेशिया, नीतीश श्रीवास्तव, दीपक जायसवाल, मोहन रौनियार, विकास जायसवाल, देवदत्त पांडेय, आशीष अग्रवाल, आशीष जायसवाल, विशाल सिंह, जयहिंद, अंकित लाट सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

एसएसबी ने किया सतर्कता एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

झुलनीपुर (आज)। 22वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल महराजगंज कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में एफ समवाय झुलनीपुर द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2026 एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (अक्टूबर-2026) के अंतर्गत वंश बहादुर इंटर कॉलेज, बहुआर, झुलनीपुर में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकगण हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान सशस्त्र सीमा बल के उप निरीक्षक (सामान्य) रविंद्र कुमार यादव एवं मुख्य आरक्षी (संचार) संदीप चौरसिया ने विद्यार्थियों को सीमा सुरक्षा, सतर्कता, ईमानदारी, भ्रष्टाचार उन्मूलन तथा साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की, इस अवसर पर विद्यार्थियों को ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी फोन कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी एवं पासवर्ड की गोपनीयता तथा सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही, किसी भी प्रकार



की साइबर धोखाधड़ी होने पर राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करने की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को सीमा सुरक्षा से संबंधित संवेदनशील जानकारी, फोटो एवं वीडियो अनधिकृत व्यक्तियों के साथ साझा न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना संबंधित सुरक्षा एजेंसी को देने के लिए भी प्रेरित किया गया।उक्त कार्यक्रम में विद्यालय के कुल 102 छात्र-छात्राओं प्रधानाचार्य ईश्वर शरण दास सहित 06 अध्यापकगण तथा सशस्त्र सीमा बल के 05 कार्मिकों ने सहभागिता की।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सतर्कता, ईमानदारी, साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वयं जागरूक रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के अन्य लोगों को भी साइबर सुरक्षा और भ्रष्टाचार उन्मूलन के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया।